पंजी. क्र. S/25125/1993

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ
Akhil Bhartiya Rashtriya Shaikshik Mahasangh

केन्द्रीय कार्यालय : शैक्षिक महासंघ सदन, 606/13, कृष्णा गली न. 9, मौजपुर, दिल्ली–110053

दूरभाष : 011–22914799, 9868711893, 9414040403, 9414068780, 9343211679

E-mail : abrsmdelhi@gmail.com, abrsmbharat@gmail.com, Website : www.abrsm.in

ABRSM

पत्रांक : महा. 5/ विक्रम संवत् 2077 | दिनांक : 12/06/2020

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय,

भारत सरकार, नई दिल्ली

विषय : कोविड–19 के कारण उत्पन्न स्थिति में विद्यालयी शिक्षा के पाठ्यक्रम एवं पढ़ाई के घंटों के संबंध में आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए महासंघ के सुझाव ।

मान्यवर,

कोविड–19 के कारण पठन–पाठन की क्रिया बाधित हुई है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए लगता है कि विद्यालय अगस्त के बाद ही खुलेंगे, जिससे पठन–पाठन क्रिया के दिवस कम हो जाएँगे। आपके द्वारा विद्यालयी पाठ्यक्रम एवं पढ़ाई के घंटों के संबंध में जो सुझाव माँगे गये हैं उसके संबंध में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ निम्न सुझाव आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रस्तुत करता है।

1. सभी कक्षाओं के पाठ्यक्रम में 25 प्रतिशत की कटौती होनी चाहिए।
2. पाठ्यक्रम में किस विषय वस्तु की कटौती हो, इसके लिए विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया जाना चाहिए।
3. पठन–पाठन क्रिया का समय बढ़ाने के लिए गैर शैक्षिक गतिविधियाँ 1 वर्ष के लिए लंबित करनी चाहिए। परंतु संस्कार के कार्यक्रम चलते रहने चाहिए।
4. गैर शैक्षिक गतिविधियों के लंबित करने के कारण बचने वाले समय को पठन–पाठन क्रिया में लगाना चाहिए।

सादर अभिवादन सहित।

भवदीय

(शिवानन्द सिंदनकेरा)

अ.भा. महामंत्री